पूर्व आयु वाले बच्चो, गर्भवती और दूध पिला रही माताओ के लिए एक विशेष पोषण कार्यक्रम और एकीकृत बाल देखरेख विकास सेवाएं।

(3) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागो द्वारा कार्यान्वित किये जा रहे विटामिन "ए" की कमी से होने वाली अन्धता की रोकथाम, पोषण सबधी अरक्तता से रोकथाम और गलगण्ड नियत्रण कार्यक्रम।

### Inadequate representation of SC/ST in Class I and II services in P&T Department

5959 SHRI SURAJ BHAN. Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state

(a) whether it is a fact that representation of Scheduled Castes/Tribes in Class I and Class II service of the various branches of P&T Department is too inadequate,

(b) if so, the percentage of shortfalls in various services,

(c) what steps have so far been taken to improve the situation and with what result, and

(d) what steps are proposed to be taken in future to make up the deficiency in representation of these weaker sections of the Society?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI) (a) Yes, Sir There have been short-falls of varying degrees in some of the services from time to time

(b) Detailed percentages of shortfalls will be laid on the Table of the House

(c) and (d) The instructions of the Government issued from time to time in regard to representation of Scheduled Castes/Tribes in Groups 'A' and 'B' services of the P & T Department are being scrupulously followed. The zone of consideration for promotion by selection to Groups 'B' and 'A' services has been enlarged from five times to six times the number of vacancies to ensure greater representation of Scheduled Caste and Scheduled Tribe Officers.

### प्रशिक्षुओं को दाखिला और उनके लिए रोजगार की व्यवस्था करना

5960. श्री रामजीवन सिंह : : क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत चालू वर्ष मे विभिन्न उद्योगो मे कितने प्रशिक्षु लिए गए;

(ख) क्या सरकार का विचार प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओ के लिए नियमित रोजगार की व्यवस्था करने हेतु कुछ ठोस कार्यवाही करने का है, और

(ग) यदि हां, तो इस बारे मे सरकार के प्रस्तावों की रूपरेखा क्या है ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) (क) शिक्षुओ को भर्ती के लिए हर वर्ष दो दाखिला सत्र होते हैं, अर्थात् मार्च/अप्रल तथा सितम्बर/अक्तूबर के दौरान। चालू वर्ष के दौरान दाखिल किए गए शिक्षुओ की सख्या का पता दाखिला सत्रो के समाप्त होने के बाद ही चल सकता है। 1977 के दौरान दाखिल किए गए शिक्षुओ की सख्या 88,700 (अन्तिम) थी।

(ख) और (ग) शिक्षु अधिनियम, 1961 के अधीन शिक्षुता प्रशिक्षण योजना का मूल उद्देश्य शिक्षुओ को उन के व्यवसाय मे दक्ष बनाना तथा उनकी नियोजनीयता को बढ़ाना है। सामान्यत. नियोजक अपने प्रतिष्ठानो मे रिक्तियों को भरते समय उन के

अपने ही प्रतिष्ठानों से उत्तीर्ण हुए शिशुओं को प्राथमिकता देते हैं। तथापि शिशुओं के प्रशिक्षण को रोजगार अवसरों के अनुरूप बनाने की दृष्टि से सरकार का शिशुओं के प्रशिक्षण की योजना का पुनरीक्षण करने का प्रस्ताव है।

**अंडमान तथा निकोबार में खनिजों की खोज**

5961. **श्री राम जीवन सिंह :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अंडमान तथा निकोबार द्वीप-समूह मे खनिज ससाधनो की खोज तथा विकास के बारे मे सरकार के क्या प्रस्ताव हैं ; और

(ख) क्या लक्षदवीप मे भी खनिज संसाधनों की खोज करने का विचार है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुण्डा) :** (क) भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह मे खनिजो की खोज जारी है और वर्तमान क्षेत्रयत सत्र (1977-78) के कार्यक्रम मे प्लेटिनम, कोबाल्ट, निकिल, क्रोमियम आदि के लिए अल्ट्रामैफिक चट्टानों का सर्वेक्षण, जलज मिट्टी की खोज तथा तांबा खनिजीकरण के लिए समेकित खोज शामिल हैं। ये खोज कार्य अभी प्रारम्भिक अवस्था में है और जब तक खोज का काम पूरा नही हो जाता तथा निक्षेपों की आर्थिक उपादेयता की पुष्टि नही हो जाती तब तक इन खनिजो के समुपयोजन के बारे मे कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

(ख) भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने लक्षद्वीप के सभी बड़े समुद्रतालो में समन्वेषण किया है जिसके फलस्वरूप एक मीटर की गहराई पर चूनेदार मिट्टी के लगभग 2880 लाख टन भंडार होने का अनुमान लगाया गया है।

**डायल घुमाकर सीधे टेलीफोन करने की सुविधा प्राप्त उत्तर प्रदेश के नगर**

5962. **श्री गंगा भक्त सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के उन नगरों के क्या नाम हैं जहां पर सरकार का विचार वर्ष 1978–79 में डायल घुमाकर सीधे टेलीफोन करने की सुविधा उपलब्ध कराने का है ; और

(ख) लखनऊ से कितने जिला मुख्यालयों को जोड़ दिया गया है तथा और कितने जिलों को जोड़ दिये जाने की आशा है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :** (क) गोरखपुर और सीतापुर।

(ख) पाच जिला मुख्यालयों अर्थात् इलाहाबाद, फैजाबाद, कानपुर, उन्नाव, और वाराणसी को उपभोक्ता ट्रक डायलिंग सेवा के जरिये लखनऊ से जोड़ा जा चुका है। आशा है कि चार और जिला मुख्यालयो अर्थात आगरा, गोरखपुर, रायबरेली और सीतापुर को वर्ष 1978–79 के दौरान लखनऊ से जोड दिया जाएगा।

**ग्रामों में तारों का वितरण**

5963. **श्री गंगा भक्त सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि :

(क) क्या देश के अधिकाश ग्रामीण क्षेत्रों में तारो के वितरण मे सामान्य पत्रों के वितरण से अधिक समय लगता है ;

(ख) यदि हां तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) तारो के महत्व को देखते हुए सरकार ने उन्हें शीघ्र वितरित कराने के लिये क्या कार्यवाही की है ?